हरिभूमि
# रोहतक भूमि
रोहतक, शुक्रवार, 5 अप्रैल, 2024

तापमान
अधिकतम 36.0 डिग्री
न्यूनतम 19.2 डिग्री

11 सांसद दीपेंद्र हुड्डा ने युवाओं से किया संवाद



12 एसपी ने मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया









## शहर में आज

- ओमेक्स सिटी सेक्टर 25 स्थित ताज गार्डन में ओशोधारा मैत्री संघ रोहतक द्वारा 5 से 7 अप्रैल तक सुबह 7 बजे से शाम 8 बजे तक ध्यान योग शिविर का आयोजन
- अम्बेड़कर चौक पर रक्तदान शिविर का आयोजन
- वैश्य कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग में नेशनल कान्फेंस ऑन लेटेस्ट ट्रेंड्स इन कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग
- नेकीराम कॉलेज में योग कार्यशाला

## बिजली कट

- सुबह 9 से 11 बजे तक सेक्टर-14, ऑफिसर कॉलोनी
- सुबह 10 से 1 बजे तक कमला नगर, वाटर वर्क्स क्वार्टर, हुडा पार्क के सामने का एरिया झज्जर रोड
- सुबह 10 से 2 बजे तक हनुमान कॉलोनी, खोखराकोट, सलारा मोहल्ला, तेज कालोनी, पाडा मौहल्ला

# प्रॉपर्टी प्रमाणित करवाने का मौका आज से कैंप लगाएगा नगर निगम

## पांच, आठ और दस को लगेंगे शिविर, निगम आयुक्त ने दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

नगर निगम सीमा क्षेत्र में रहने वाले प्रॉपर्टी धारकों की संपत्ति की सूचना स्वतः प्रमाणित करवाने के लिए वार्डों में दोबारा कैम्प लगाए जाएंगे। इसके तहत 5, 8 और 10 अप्रैल को अलग-अलग वार्ड में कैंप लगेंगे। निगम आयुक्त अजय कुमार ने टैक्स ब्रांच की मीटिंग के दौरान यह आदेश जारी किए। उन्होंने कहा आमजन के सामने आ रही परेशानियों को देखते हुए यह फैसला लिया गया है। इसके लिए नगर निगम के कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई जा चुकी है।

याद रहे कि शहर में पहले भी कई बार हर वार्ड में बिल ठीक करने के लिए कैंप लगाए जा चुके हैं। इसके बाद भी लोगों के बिल ठीक नहीं हो पाए हैं। लेकिन इस बार सूचना स्वतः प्रमाणित करवाने के लिए मौका दिया जा रहा है। साथ ही सरकार द्वारा टैक्स जमा करवाने के दौरान दी गई छूट भी खत्म हो गई है। इसे लेकर कोई नए आदेश नहीं आए हैं।

### शहवासी घर से भी स्वतः प्रमाणित कर सकते हैं

सम्पत्ति की सूचना प्रमाणित करना बिलकुल आसान है। अपनी सम्पत्ति के विवरण को अपने घर से भी स्वतः प्रमाणित कर सकते हैं या नगर निगम द्वारा लगाए जा रहे कैम्प में भी करवा सकते हैं। इसके लिए सबसे पहले सम्पत्तिकर का बकाया भुगतान एवं अदेय प्रमाणपत्र पोर्टल https://property.ulb-haryana.gov.in/ पर अपने मोबाइल नम्बर या ई-मेल के माध्यम से लॉगइन करें।

लॉगइन के पश्चात आपको मोबाइल नम्बर जुड़ी हुई सम्पत्ति दिखाई देगी या पोर्टल पर सम्पत्ति आईडी के माध्यम से अपनी सम्पत्ति खोजे जहां पर आपको View Details/Self Certify दिखाई देगा, जिसको खोलने पर आपको सम्पत्ति का सम्पत्ति विवरण, मोबाइल नम्बर, मालिक का विवरण, सम्पत्तिपर बकाया राशि का विवरण जैसे कि सम्पत्तिकर, फायर टैक्स, विकास शुल्क के साथ सम्पत्ति अधिकृत क्षेत्र, अनाधिकृत क्षेत्र का विवरण दिखाई देगा।

### निगम आयुक्त ने लोगों से की अपील



आमजन से भी अपील है कि यदि आपकी सम्पत्ति का विवरण सही है तो नगर निगम द्वारा लगाए जा रहे कैम्प में सम्पत्ति की सूचना स्वतः प्रमाणित अवश्यक करवाए क्योंकि ऐसा करने से कोई अन्य व्यक्ति आपकी प्रोपर्टी आईडी पर अपना आवेदन नहीं कर सकता। न ही प्रॉपर्टी आईडी के संबंध में सूचना प्राप्त कर सकता है। इसलिए कैंप लगाए जा रहे हैं।
**-अजय कुमार**, निगम आयुक्त

### ये विकल्प दिखाई देगा




सभी विवरण पर आपको हां व नहीं का विकल्प दिखाई देगा यदि आपकी सम्पत्ति का ब्यौरा सही है तो हां दर्ज करने के पश्चात आपको परिवार पहचान पत्र का विकल्प दिखाई देगा। यदि आपके पास परिवार पहचान पत्र की आईडी है तो उसे भरे अन्यथा सम्पत्ति में रजिस्ट्रड मोबाइल नम्बर पर आपके पास ओटीपी प्राप्त होगा जिसे भरकर सूचना प्रमाणित करें।

### कैंप का क्षेत्र वाइज शेड्यूल

**पांच को शहर में यहां-यहां लगेंगे शिविर**

| वार्ड | स्थान |
|---|---|
| 1 | धर्मशाला, शास्त्री नगर, पैट्रोल पम्प वाली गली, हिसार बाइपास |
| 4 | जाट धर्मशाला, पुराना सीआईए स्टाफ, बाबरा मौहल्ला |
| 7 | सैनी धर्मशाला, चमनपुरा, राहड़ रोड |
| 8 | सामुदायिक केन्द्र आजादगढ़ |
| 9 | सरकारी स्कूल सैक्टर-3, नजदीक महेन्द्रा मॉडल स्कूल |
| 13 | श्री ओमकारेश्वर मंदिर, झंग कालोनी |
| 16 | जैन धर्मशाला रेलवे रोड |
| 18 | जागरण पार्क, जनता कालोनी |
| 20 | कम्युनिटी सैन्टर कन्हैली रोड |

**आठ को यहां पहुंचेंगे नगर निगम के कर्मचारी**

| वार्ड | स्थान |
|---|---|
| 2 | सरकारी स्कूल इन्द्रा कालोनी, नजदीक पानी का बूस्टर |
| 5 | अम्बेड़कर धर्मशाला, सलारा मौहल्ला |
| 10 | दादा बिशादे मंदिर बलियाणा गांव में |
| 11 | जाट भवन, सैक्टर 1 |
| 12 | तिलक नगर धर्मशाला, तिलक नगर |
| 14 | मातुराम कम्युनिटी सैन्टर, गांधी नगर |
| 17 | श्री राम धर्मशाला, नजदीक पुराना बस स्टैण्ड |
| 19 | सनातन धर्म बारात घर, शिवाजी कालोनी |
| 21 | डॉ. भीम राव अम्बेड़कर पार्क झज्जर चुंगी |

**10 अप्रैल को यहां लगाए जाएंगे कैंप**

| वार्ड | स्थान |
|---|---|
| 3 | श्री राम धर्मशाला, नजदीक पुराना बस स्टैंड |
| 6 | सति भाई साई नाथ आश्रम, नजदीक पंजाबी शिव धर्मशाला |
| 10 | मोर वाली चौपाल, गॉव खेड़ी साध |
| 15 | बाबा मूला संत मंदिर आर्य नगर |
| 22 | सरकारी स्कूल मैन अड्डा सुनारियां कलां |
| 14 | मातुराम कम्युनिटी सैन्टर, गांधी नगर |
| 17 | श्री राम धर्मशाला, नजदीक पुराना बस स्टैण्ड |
| 19 | सनातन धर्म बारात घर, शिवाजी कालोनी |
| 21 | डॉ. भीम राव अम्बेड़कर पार्क झज्जर चुंगी |

# पीजीआई की ओटी में शार्ट सर्किट से आग लगी



**रोहतक।** आग पर काबू पाने के लिए पहुंचा दमकल वाहन।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

पीजीआई के आपातकालीन विभाग की ओटी के प्रथम तल पर बृहस्पतिवार को अचानक आग लग गई। इसका पता उस समय लगा जब वहां मौजूद कर्मचारियों ने धुआं निकालता देखा। इसके बाद कर्मचारियों ने घटना की सूचना पुलिस व दमकल विभाग को दी। सूचना पाकर दमकल विभाग की गाड़ी भी मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया गया।

वहीं घटना का पता लगते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंच गई और जांच में जुट गई। पुलिस की प्राथमिक जांच के अनुसार आग शॉर्ट सर्किट के कारण लगी है। जहां पर आग लगी, वहां बिजली का बोर्ड भी था। वहीं आग लगने के कारण वहां पर रखी चद्दरें जल गई। गनीमत यह रही कि आग को बढ़ने से पहले ही काबू कर लिया गया। इसलिए बड़ा हादसा टल गया। हालांकि आग लगने के बाद वहां धुआं निकलता देख अफरा-तफरी मच गई।

### कुछ चादर जली

पीजीआई के आपातकालीन विभाग की ओटी के प्रथम तल के कमरे में आग लगने की सूचना मिली थी। जिसके बाद टीम मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया। आग के कारण कुछ चद्दर जली हैं। प्राथमिक दृष्टि से शॉर्ट सर्किट से आग लगना प्रतीत हो रहा है। हालांकि पुलिस मामले की जांच कर रही है। जांच के बाद ही मामला स्पष्ट हो पाएगा।
**अशोक**, थाना प्रभारी, पीजीआईएमएस

## शिविर में 36 लोगों ने रक्तदान किया

**रोहतक।** देशभक्ति स्मारक स्थल आंबेडकर चौक पर रक्तदान शिविर आयोजित किया। राष्ट्र देवो भव मिशन अध्यक्ष बाबा सुखा शाह महाराज ने बताया कि शिविर में 36 यूनिट रक्त एकत्रित हुआ। मुख्य अतिथि काका निझावन समाजसेवी रहे। अनुज चावला व बाबा सुखा शाह महाराज ने सभी रक्तदाताओं बैच एवं प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर पंकज कपूर, बलदेव मिढ़ा, हरीश शर्मा, राजू गांधी, पंकज खुराना आदि मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप

### कार ने बाइक को टक्कर मारी, युवक घायल

**रोहतक।** राजीव गांधी खेल परिसर के पास एक कार ने बाइक में टक्कर मार दी। जिसमें बाइक सवार युवक घायल हो गया। घायल युवकों को सनसिटी स्थित निजी अस्पताल में भर्ती करवाया गया। जहां पर युवक का उपचार चल रहा है। श्याम कॉलोनी निवासी रिशु दलाल ने अर्बन स्टेट थाना पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह बाइक पर राजीव गांधी खेल परिसर से सोनीपत रोड की तरफ जा रहा था। इस दौरान सेक्टर-35 सनसीटी चौक पर पहुंचा तो एक गाड़ी तेज रफ्तार से आया और बाइक में टक्कर मार दी। जिससे वह घायल हो गया और राहगीरों की मदद से निजी अस्पताल में भर्मी करवाया गया। पुलिस ने केस दर्ज करके मामले की जांच शुरू कर दी।

### अवैध हथियार सहित युवक गिरफ्तार

**रोहतक।** पुलिस ने युवक को अवैध हथियार सहित गिरफ्तार किया। आरोपी को कोर्ट में पेश किया गया है।शहर थाना प्रभारी कुलदीप सिंह ने बताया कि आईडीसी चौक के पास पैदल आ रहे युवक को शक के आधार पर युवक को काबू किया गया। युवक की पहचान प्रदीप के रूप में हुई है। युवक के पास से एक देसी पिस्तौल व दो रौंद बरामद हुए है।

## हनुमान मंदिर में चोरी, सीसीटीवी में कैद हुआ आरोपी



**रोहतक।** सैनीपुरा स्थित हनुमान मंदिर से चोरी का मामला सामने अया है। इसका पता उस समय लगा जब मंदिर का पुजारी सुबह पूजा के लिए मंदिर में पहुंचा। पुजारी ने इसकी शिकायत पुलिस को दे दी। हालांकि वारदात वहां लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। पुलिस को चुन्नीपुरा निवासी धर्मेंद्र दिक्षित ने दी शिकायत में बताया कि वह सैनीपुरा स्थित हनुमान मंदिर के पुजारी है। 2 अप्रैल की रात को करीब साढ़े 10 बजे वह मंदिर को ताला लगाकर घर चला गया था। सुबह करीब साढ़े 5 बजे मंदिर में पहुंचा। जब वह मंदिर का ताला खोलने लगा तो ताला नहीं खुला। गौर से देखा तो पाया कि ताले को तोड़ने का प्रयास किया गया है। उन्होंने बताया कि जब उन्होंने मंदिर में प्रवेश किया तो देखा कि दानपात्र टूटा हुआ और उसमें से दानराशि गायब है।

## मॉडल स्कूल में एडमिशन की प्रवेश परीक्षा में 250 ने दिया पेपर

**रोहतक।** राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सांपला में कक्षा पहली से 11वीं तक के विद्यार्थियों ने विद्यालय में दाखिले के लिए प्रवेश परीक्षा दी। प्राचार्य संदीप नैन ने बताया कि विभिन्न गांव से विद्यार्थी एवं साथ में उनके अभिभावकों ने इस परीक्षा के लिए विद्यालय प्रशासन का धन्यवाद किया। संदीप नैन बताया कि इस प्रवेश परीक्षा में लगभग 250 बच्चों ने भाग लिया। विद्यालय के वाइस प्रिंसिपल सुनील नेहरा ने बताया कि विद्यालय में सभी प्रकार की मूलभूत सुविधाएं बच्चों को उपलब्ध करवाई जाएगी। नेहरा ने बताया कि पहले स्कूल दो पारियों में चलता था लेकिन अभिभावकों के मांग के चलते विद्यालय को सिंगल शिफ्ट में किया गया है। उन्होंने बताया कि जो बच्चे आज परीक्षा देने से वंचित रह गए उनको 20 अप्रैल को दोबारा मौका दिया जाएगा। प्राचार्य संदीप नैन एवं उपप्राचार्य सुनील नेहरा ने अभिभावकों एवं विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि जो निजी विद्यालय गैर मान्यता प्राप्त है उनसे दूरी बनाकर रखें। इस अवसर पर डॉ. पुरुषोत्तम, डॉ. सुनीता, डॉ. हरिओम, डॉ. सत्यदेव, डॉ. प्रशांत, रेखा, भारती, आशा, ऋतु जून, शालिनी व अन्य मौजूद रहे।

# शेयर मार्केट में रुपये कमाने का झासा देकर 38 लाख रुपये ठगे, दो गिरफ्तार

### अदालत ने आरोपी सुबोध को रिमांड पर भेजा, अन्य आरोपी गुलशन को जेल भेजा गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

पुलिस की साइबर क्राइम थाना की टीम ने शेयर मार्केट में रुपये कमाने का झासा देकर करीब 38 लाख रुपये की ठगी की वारदात में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया। आरोपियों को कोर्ट में पेश किया गया है। आरोपी सुबोध को पुलिस रिमांड पर लिया गया है। आरोपी गुलशन को कोर्ट के आदेश पर जेल भेजा गया है। साइबर क्राइम थाना प्रभारी राजीव कुमार ने बताया कि प्रेम नगर चौक निवासी विकास ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई थी। जिसके आधार पर केस दर्ज करके जांच शुरू की गई थी। जांच में सामने आया कि 25 अक्टूबर 2023 को विकास ने अपनी फेसबुक से टाइम लाइन में एक शेयर मार्केट में काम सिखाने का एक फोटो दिखाई दिया। विकास ने उस लिंक पर क्लिक किया तो एक बेवसाइट खुली। बेवसाइट पर विकास ने अपना रजिस्ट्रेशन किया तो उस पर एक लिंक आया। लिंक ओपन करने पर विकास एक व्हाटसअप ग्रुप में जुड़ गया। शेयर मार्केट सीखने के लिए लिंक भेजा गया। जिसमें शेयर मार्केट सीखने की आडियों चलती थी।

ग्रुप में शेयर खरदीने बारे सूचना सांझा करते थे। ग्रुप में अन्य व्यक्ति प्रोफिट होने की फोटो शेयर करते थे। 2 नवंबर 2023 को विकास के मैसज आया। जिसने अपना नाम ममता रावत बताते हुए शेयर मार्केट में रुपये इंवेस्ट करने बारे कहा। ममता रावत ने एक लिंक में भेजा जिसमे अंकाउट से संबंधित व शेयर शेयर खरीदने के लिए रुपये जमा करने की जानकारी शेयर की जाती थी। ममता ने विकास के पास एक और एपीके फाइल नाम का एक लिंक भेजा। विकास ने लिंक को ओपन किया तो उसके मोबाइल में एक फाइल डाउनलोड हुई। फाइल ओपन करने पर विकास के मोबाइल में एक ऐप इंस्टाल हो गई। विकास ने अपना रजिस्ट्रेशन कर ट्रेडिंग शुरु की। विकास जब भी पैसों की ट्राजैक्शन करता था तो उस एप की आईडी वॉलेट में पैसे दिखाई देते थे। विकास शेयर खरीदने के लिए अलग-2 दिन में पैसे ट्रांसफर करता रहा। विकास को आईपीओ में पैसे लगाकर रुपये ज्यादा मुनाफा कमाने का झासा दिया।

विकास अपनी आईडी के वॉलेट से पैसे निकालने के लिए जब भी रिकवेस्ट भेजता उसे रिजेक्ट कर विकास को और ज्यादा मुनाफे की बाते कही। विकास ने उनकी बातो में आकर कुल 37 लाख 79 हजार 481 रुपये अपने खाते से ट्रांसफर कर दिए। जांच के दौरान 2 अप्रैल को आरोपी गुलशन निवासी अमृतपुर जिला समस्तीपुर बिहार हाल इंद्रपुरी दिल्ली व सुबोध उर्फ राजुशाह निवासी मालीनगर बिहार हाल जनक विहार दिल्ली को गिरफ्तार किया गया है।




**रोहतक।** पुलिस द्वारा गिरफ्तार किए गए आरोपित।

# पार्थ का एनडीए में 13वां रैंक लड़ाकू जहाज उड़ाने की चाह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक



- दादा भी एयरफोर्स में दे चुके सेवाएं
- मां पीजीआई में डॉक्टर, पिता एलआईसी में अधिकारी

वन सिटी निवासी पार्थ सहरावत ने एनडीए में 13वां स्थान प्राप्त किया। पार्थ सहरावत एयर फोर्स में पायलट बनना चाहता है। उसके दादा भी एयर फोर्स से सेवानिवृत्त हुए हैं। पार्थ सहरावत ने कहा कि उसने अपनी पढ़ाई आरआईएमसी देहरादून से की है।

उसने बताया कि यहां हर राज्य से एक ही बच्चे का चयन होता है सिर्फ कुछ बड़े राज्य एक से ज्यादा सीट रखते हैं। इसमें भी पार्थ सहरावत ने पूरे भारत में पांचवां स्थान प्राप्त किया था। एनडीए में ये स्थान पाना एक बहुत बड़ी उपलब्धि है इस परीक्षा में 3 लाख के करीब विद्यार्थी पेपर देते हैं और इसमे चयन भी बहुत मुश्किल होता है। पेपर के बाद पांच दिन का इंटरव्यू और उसके बाद पायलट का टेस्ट भी होता है। मेडिकल में पास होने के बाद इसमे मेरिट के आधार पर इसमे सिलेक्शन होता है। पार्थ सहरावत की मां पीजीआई रोहतक में डॉक्टर है और पिता प्रमोद कुमार एलआईसी हाउसिंग में कलस्टर हेड हैं। परिवार मूलरूप से गांव भैसरू खुर्द का रहने वाला है।

कहानी / हरीश कुमार 'अमित'

# मीठी ईद की खुशियां

सलीम के साथ क्रिकेट खेलने वाला दानिश बहुत ही गरीब परिवार का था। ईद आई तो सलीम को चिंता हुई दानिश कैसे ईद की खुशियां मनाएगा? उसने यह बात अपने अब्बा-अम्मी से साझा की। क्या उन्हें भी दानिश की चिंता हुई? क्या दानिश मीठी ईद की खुशियां मना पाया या उसकी ईद अपनी गरीबी में फीकी रही?



अब्बा शाम को दफ्तर से घर लौटे ही थे कि सलीम भी बाहर से खेलकर आ गया। उसके हाथ में क्रिकेट का बैट था। वह हर रोज शाम के समय आस-पास के बच्चों के साथ मैदान में क्रिकेट खेलता है। सलीम ने सुना कि अब्बा ईद की खरीदारी के बारे में अम्मी से बात कर रहे हैं। वह वहीं पास खड़ा होकर उन दोनों की बातें सुनने लगा। कुछ देर बाद सलीम थोड़ा झिझकते हुए बोला, 'अब्बा, मैं कुछ कहना चाहता हूं।'

'हां, बोलो बेटा।' अब्बा बोले।

'अब्बा, हम बच्चे शाम को क्रिकेट खेलते हैं न...।' सलीम कहते-कहते रुक गया।

'हां..हां... बताओ बेटा, क्या बात है?' अम्मी ने प्यार से पूछा।

'जब हम क्रिकेट खेलते हैं तो वहां हमारे साथ दानिश नाम का एक बच्चा भी खेलता है।' सलीम यह कह ही रहा था कि अब्बा बोले, 'वही दानिश न जो रन बनाता जाता है और जल्दी आउट नहीं होता।'

उधर से अम्मी भी बोलीं, 'इसी दानिश के बारे में तो तुम बताते रहते हो कि वह बड़ा गरीब है, उसकी अम्मी भी पिछले साल बीमारी से गुजर गई थीं।'

'हां, वही दानिश। उसके अब्बू किराए पर रिक्शा चलाते हैं। उन लोगों का घर भी टूटा-फूटा-सा है।' सलीम ने बताया।

अब्बा और अम्मी सलीम की बात बड़े ध्यान से सुन रहे थे।

'कल ईद का त्योहार है। हम लोग तो ईद पर नए कपड़े पहनेंगे, अच्छा-अच्छा खाना खाएंगे, पर दानिश कैसे ईद मनाएगा? वे लोग तो बड़े गरीब हैं। दानिश कह रहा था कि उसके अब्बू को हर रोज बस सौ-डेढ़ सौ रुपए की कमाई होती है। वे तो हर रोज की तरह कल भी सुबह-सुबह रिक्शा लेकर निकल जाएंगे। दानिश बेचारा कैसे ईद मनाएगा? क्या हम कुछ ऐसा नहीं कर सकते, जिससे वह भी हंसी-खुशी ईद मना सके?' सलीम की आवाज में चिंता का भाव था।

सलीम की बात सुनकर अब्बा और अम्मी कुछ सोचने लगे, फिर अब्बा बोले, 'बेटा, तुम चिंता मत करो। हम अभी ईद की खरीदारी करने के लिए बाजार जा रहे हैं। हम दानिश के लिए भी कुछ खरीद लेंगे।'

अब्बा की बात सुनकर अम्मी बोलीं, 'हम नए कपड़े खरीद लेंगे दानिश के लिए। तुम्हारे नाप के ही चल जाएंगे न?'

'अम्मी, कपड़े तो दानिश को मेरे ही नाप के चल जाएंगे, पर वह इस तरह किसी से कुछ लेता नहीं है, वह बहुत ही स्वाभिमानी लड़का है।' सलीम ने बताया।

यह सुनकर अब्बा कुछ देर सोचते रहे और फिर बोले, 'इसका भी एक तरीका सोच लिया है मैंने। आओ, अब बाजार चलते हैं।'

अगली सुबह अब्बा ने सलीम को कहा कि वह दानिश को बुला लाए। कुछ ही देर में दानिश आ गया तो अब्बा उससे बोले, 'बेटा दानिश, सुना है तुम बहुत बढ़िया क्रिकेट खेलते हो।'

'अंकल जी, क्रिकेट खेलना मुझे बहुत अच्छा लगता है। मैं पूरे जी-जान से खेलता हूं क्रिकेट।' दानिश ने जवाब दिया।

'लेकिन हमारे सलीम को तो बढ़िया क्रिकेट खेलना आता नहीं है। तुम सिखा सकते हो क्या इसे भी बढ़िया क्रिकेट खेलना? बन सकते हो क्या इसके क्रिकेट कोच?' अब्बा दानिश से बोले।

'मैं कैसे कोच बन सकता हूं अंकल जी! मैं तो अभी छोटा हूं।' दानिश हैरानी से बोला।

'क्यों नहीं बन सकते तुम इसके कोच! तुम इतना बढ़िया क्रिकेट खेलना जानते हो।' अब्बा ने कहा तो अम्मी बोलीं, 'दानिश बेटा, बन जाओ न सलीम के कोच।'

'बन जाओ न मेरे कोच!' सलीम भी मनुहार करते हुए दानिश से बोला। अब्बा, अम्मी और सलीम की बात सुनकर दानिश ने सलीम का कोच बनने की बात मान ली।

अब्बा अपने कमरे में गए और दानिश के लिए नए कपड़े लेकर आ गए। उन कपड़ों को दानिश को थमाते हुए बोले, 'बेटा, इन्हें अपनी कोच फीस के तौर पर रख लो।'

दानिश उन कपड़ों को लेने में झिझक रहा था। तभी अम्मी रसोई से बाहर झांकते हुए बोलीं, 'बेटा दानिश, इन कपड़ों पर तो तुम्हारा हक बनता है। तुम हमारे घर में ही नहा लो और ये नए कपड़े पहन लो।'

कुछ देर बाद सलीम और दानिश नए कपड़े पहनकर मजे से गर्मा-गर्म सिवइयां खा रहे थे। मीठी ईद की खुशियां पूरे घर में खुशबू की तरह फैली हुई थीं। *

त्योहार / शिवानी छाया

# आओ मिलकर मनाएं ईद

फरहान आजकल बहुत खुश और उत्साहित है। ईद आने में अभी कुछ दिन बाकी हैं, लेकिन उसके घर में अभी से ही चहल-पहल है। फरहान के घर में ईद की खरीदारी और अन्य तैयारियां जोर-शोर से हो रही हैं। शाश्वत भी ईद को लेकर बहुत उल्लासित है, क्योंकि पिछली बार की तरह इस बार भी उसे अपने पापा-मम्मी के साथ फरहान के घर ईद मिलने जाना है। फरहान भी अपने पापा के साथ होली में शाश्वत के घर होली मिलने आता है। मजे से होली के पकवान खाता है। उसे शाश्वत की मम्मी के हाथों से बनी गुझिया बहुत पसंद है।



फरहान के पापा और शाश्वत के पापा सालों से बहुत अच्छे दोस्त हैं। शाश्वत और फरहान एक ही स्कूल में क्लासमेट हैं। त्योहारों और फैमिली फंक्शंस में दोनों परिवारों का एक-दूसरे के घर आना-जाना रहता है। हर त्योहार की खुशियां साथ मनाते हैं।

पिछली ईद पर शाश्वत ने फरहान के घर खूब मजे किए थे। शाश्वत ने वहां सभी को 'ईद मुबारक' कहा, फरहान और उसके कजिंस से गले मिला था। फरहान के दुबई वाले चचाजान खिलौने लेकर आए थे, इन खिलौनों से शाश्वत, फरहान और उसके कजिंस देर तक खेलते रहे। शाश्वत को फरहान के मम्मी के हाथों से बनी मीठी सेवइयां खूब पसंद आई थीं। अम्मी ने सभी बच्चों के साथ शाश्वत को भी 'ईदी' दी थी।

'पिछली बार की तरह इस बार भी ईद पर खूब एंज्वॉय करेंगे।' यह सोचकर शाश्वत मन ही मन में बहुत खुश था। इस बार तो शाश्वत ने अपने हाथों से फरहान के लिए 'ईद मुबारक' का कलरफुल ग्रीटिंग-कार्ड बनाया है। फरहान और शाश्वत दोनों को ही बेसब्री से ईद का इंतजार है।

प्यारे बच्चों, फरहान और शाश्वत का ईद के प्रति उत्साह देखकर तुम्हें बहुत अच्छा लग रहा है न! ईद है ही ऐसा त्योहार! यह रमजान का पाक महीना पूरा होने पर मनाया जाता है। यह त्योहार हमें दया, करुणा, स्नेह और सौहार्द का संदेश देता है। अमन का पैगाम देता, प्रेम-भाईचारे और खुशियों का त्योहार है ईद।

बच्चों, तुम्हारे या तुम्हारे दोस्तों के घर में भी ईद की तैयारी जोर-शोर से चल रही होगी। तुम सब अपने परिवार और दोस्तों के साथ खूब अच्छे से ईद-उल-फितर मनाना। अगर तुम्हारे घर में ईद नहीं मनाई जाती है तो तुम भी शाश्वत की तरह अपने किसी दोस्त के घर ईद मनाने चले जाना। यदि दोस्त का घर तुम्हारे घर से बहुत दूर है तो ऐसे में तुम अपने दोस्त को फोन करके ईद की बधाई जरूर देना। तुम सभी को ईद की बधाई.. ईद मुबारक...! *

कविता / सूर्यकुमार पांडेय

## ईद मुबारक


नया चांद दिखता, तब आती ईद है।
मीठी सेवईं हमें खिलाती ईद है।
वह इंसान नहीं है, जो खुदगर्ज है।
दुनिया खुश हो, यही हमारा फर्ज है।
जो गरीब हैं, उनको धन का दान दें।
दें उनको पकवान, नए परिधान दें।
कपड़े नए हमें दिलवाती ईद है।
हम बच्चों को बहुत लुभाती ईद है।
भाईचारा और सभी का साथ हो।
गले मिलें हम और हाथों में हाथ हो।



सब में तोहफों का आदान-प्रदान हो।
प्यार बढ़े, नफरत का हमें न ध्यान हो।
खुशियों के परचम लहराती ईद है।
ईद मुबारक! कहती, आती ईद है।

## जीके क्विज-98

1. हाल में चरण सिंह को (मरणोपरांत) कौन सा सम्मान प्रदान किया गया?
2. महात्मा गांधी को सबसे पहले 'राष्ट्रपिता' कहकर किसने संबोधित किया था?
3. हाल में ही नेशनल इनवेस्टिगेशन एजेंसी का महानिदेशक किसे नियुक्त किया गया?
4. स्वतंत्र भारत के पहले भारतीय गवर्नर जनरल कौन थे?
5. विश्व का सबसे ऊंचा ज्वालामुखी पर्वत कौन-सा है?
6. जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल का क्या नाम है?
7. खाने वाले नमक में क्लोराइड के अलावा कौन-सा तत्व मौजूद होता है?
8. मानव शरीर की सबसे लंबी अस्थि कौन-सी होती है?
9. 'इंडिया विंस फ्रीडम' पुस्तक के लेखक कौन हैं?
10. भारतीय हीरा संस्थान किस राज्य के किस शहर में स्थित है?



**बच्चों, जीके क्विज-98 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें balbhoomihb@gmail.com पर मेल कर सकते हो।**

**जीके क्विज 97 का सही उत्तर :** 1-भूटान, 2-हरिवंश, 3-इंडियन प्रीमियर लीग, 4-गंगटोक, 5-लोहा, 6-पत्ती, 7-मंगोलिया, 8-विटामिन सी, 9-शाहजहां, 10-भौतिक विज्ञान

**जीके क्विज 97 का सही उत्तर भेजने वाले :** आकांक्षा-अहमदाबाद, नितिन कुमार-दुर्ग, सरबजीत-करनाल, कबीर-हिसार, ईशान-अहमदाबाद, ज्योति-दंतेवाड़ा, पवन-जींद, आयुषी-रायपुर, प्रतीक-जबलपुर, अवंतिका-रोहतक, राजू-कोरबा, प्रेरणा-नारनौल, कपिल-दिल्ली, आदित्य-भोपाल

## हंसगुल्ले

**मम्मी:** रिंकू, तुमने दूध वाले का बिल देखा है?
**रिंकू:** मम्मी, क्या दूध वाले अंकल बिल में रहते हैं?
**-सोनी, हिसार**

**टीचर:** अगर तुम महान काम करोगे, तो तुम्हारा नाम अमर हो जाएगा।
**सौरभ:** लेकिन सर, मेरे पुराने नाम का क्या होगा?
**-अभिजीत, डोंगरगढ़**



**डॉक्टर:** तुम घबरा क्यों रहे हो? अब तो तुम खतरे से बाहर हो।
**राजेश:** डॉक्टर साहब, जिस ट्रक से मैं टकराया था, उसके पीछे लिखा था- 'फिर मिलेंगे।'
**-अर्नव, भोपाल**

**टीचर:** तुम 18वीं सदी के वैज्ञानिकों के बारे में क्या जानते हो?
**रोहन:** सर, यही कि वे सब अब इस दुनिया में नहीं हैं।
**-मुकुल, भिलाई**

अवेयरनेस

अनुराग मनींद्र

स्पेशल: वर्ल्ड हेल्थ-डे, 7 अप्रैल

बच्चों, हर साल 7 अप्रैल को 'वर्ल्ड हेल्थ-डे' मनाया जाता है। लोगों में स्वास्थ्य के प्रति जागरुकता फैलाने के उद्देश्य से यह दिवस मनाया जाता है। जानो, वर्ल्ड हेल्थ-डे से जुड़ी कुछ महत्वपूर्ण बातें।

# हेल्थ इज वेल्थ

हम स्वस्थ रहने पर ही खुश रह सकते हैं। अस्वस्थ रहने पर कभी खुश नहीं रह सकते, क्योंकि हमें कई तरह की तकलीफें हो जाती हैं, ऐसे में मन दुखी-उदास रहता है। इसलिए हमारा स्वस्थ रहना, इसके प्रति जागरुकता बहुत जरूरी है। लोगों का जीवन स्वस्थ रहे, इसके लिए 7 अप्रैल 1948 को वर्ल्ड हेल्थ ऑर्गेनाइजेशन (डब्ल्यूएचओ) की स्थापना की गई। वर्ल्ड हेल्थ ऑर्गेनाइजेशन को हम हिंदी में बोलते हैं-विश्व स्वास्थ्य संगठन। इस संगठन की स्थापना इस उद्देश्य से की गई थी कि दुनिया भर के लोगों को स्वास्थ्य संबंधी सुविधाएं बेहतर ढंग से मिलें। डब्ल्यूएचओ की स्थापना के दूसरी वर्षगांठ पर, 7 अप्रैल 1950 को पहली बार 'वर्ल्ड हेल्थ-डे' मनाया गया था। इसके बाद से इसे हर साल 7 अप्रैल को मनाया जाता है।

**हर साल रहती है एक थीम :** हर साल विश्व स्वास्थ्य दिवस के लिए एक थीम निर्धारित की जाती है। यह थीम विभिन्न स्वास्थ्य संबंधी आंकड़ों, स्वास्थ्य को प्रभावित करने वाले कारकों और स्वास्थ्य संबंधी लक्ष्यों के आधार पर तय की जाती है। साल 2024 के लिए 'विश्व स्वास्थ्य दिवस' की थीम 'माइ हेल्थ, माइ राइट' (मेरा स्वास्थ्य, मेरा अधिकार) निर्धारित की गई है।




**जगह-जगह कार्यक्रमों का आयोजन:** लोगों को स्वास्थ्य संबंधी बातों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से डब्ल्यूएचओ और अन्य सरकारी, गैर-सरकारी संगठनों द्वारा स्कूलों, कॉलेजों, संस्थानों में भाषण प्रतियोगिताएं, निबंध लेखन, नाटक जैसे कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। साथ ही इन कार्यक्रमों में कई बार हेल्थ एक्सपर्ट्स को भी आमंत्रित किया जाता है, जो लोगों को स्वास्थ्य संबंधी सलाह देते हैं।





**अपनाओ हेल्दी फूड हैबिट्स :** बच्चों, स्वस्थ रहने के लिए जरूरी है तुम जंक फूड से दूर रहो, हेल्दी फूड खाओ। बहुत से बच्चे जंक फूड्स और बाजार में बिकने वाले स्ट्रीट फूड्स बहुत ज्यादा खाते हैं। जंक फूड्स बनाने में कई तरह के हानिकारक रसायनों का प्रयोग किया जाता है। जंक फूड्स स्वादिष्ट जरूर होते हैं, लेकिन इसका दुष्प्रभाव सीधा हमारे स्वास्थ्य पर पड़ता है। इसलिए जितना हो सके, जंक फूड्स से दूर रहो। घर में बने ताजे और हेल्दी फूड्स ही खाओ।



**खेलो फिजिकल एक्टिविटीज वाले गेम्स :** आजकल ज्यादातर बच्चे वीडियो गेम्स खेलना पसंद करते हैं। पढ़ाई के बाद उनका समय लैपटॉप, मोबाइल या टीवी स्क्रीन पर ही बीतता है। बच्चों, इस तरह की आदतें तुम्हारे शारीरिक और मानसिक विकास के लिए सही नहीं हैं।



इसलिए तुम्हें इनडोर गेम्स के बजाय अपनी पसंद का कोई आउटडोर गेम, जैसे- क्रिकेट, फुटबॉल, बैडमिंटन, टेनिस, हॉकी या वॉलीबॉल वगैरह खेलना चाहिए। इसके अलावा तुमको जॉगिंग, रनिंग या फिर साइक्लिंग जैसी आउटडोर एक्टिविटीज भी करनी चाहिए। आउटडोर एक्टिविटीज तुम्हारे शारीरिक और मानसिक विकास के लिए जरूरी हैं।

**स्वच्छता का रखो ध्यान :** बच्चों, गंदे वातावरण में स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव डालने वाले बैक्टीरिया और वायरस पनपने का खतरा रहता है। इसलिए अपने घर में और आस-पास स्वच्छता का ध्यान रखो, साथ ही दूसरों को भी ऐसा करने के लिए प्रेरित करो। हर बार खाने से पहले साबुन से हाथ जरूर धो या फिर हाथों को अच्छे से सैनिटाइज करो।

**स्वास्थ्य के प्रति हमेशा रहो जागरूक :** बच्चों, तुमने यह प्रचलित कहावत 'हेल्थ इज वेल्थ' तो जरूर सुनी होगी! बच्चों, स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क का वास होता है। अगर तुम शारीरिक रूप से स्वस्थ रहोगे तो तुम्हारा मस्तिष्क भी अच्छे से क्रियाशील रहेगा। इससे तुम पढ़ाई के साथ-साथ अन्य गतिविधियों में भी अच्छा परफॉर्म कर सकोगे। इसलिए तुम्हें अपने स्वास्थ्य का पूरा ध्यान रखना चाहिए। साथ ही तुम्हें अपने दोस्तों और छोटे भाई-बहनों को भी स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने के लिए प्रेरित करना चाहिए। *

## शब्द पहेली

विमला नागला

बच्चों, इस शब्द पहेली में रिक्त स्थानों पर एकदम सटीक शब्द तुम्हें भरना है। यह भी बता दें कि इसमें भरे जाने वाले शब्द 'सु' या 'सू' से प्रारंभ होते हैं।

**रविवार का** दिन था। दादाजी और दिव्यू...जल्दी ही बड़े तालाब के किनारे घूमने आ गए। धीरे-धीरे.....निकल रहा था। तालाब के किनारे भिन्न-भिन्न रंगों के.....खिले हुए थे। उनमें से भीनी-भीनी.....आ रही थी। वहां एक.....का



फूल खिला हुआ था, जिसका मुंह हमेशा सूरज की दिशा में घूम जाता है। आज मौसम बहुत.....था। अचानक कोयल की.....आवाज सुनाई दी। यह सुनकर दोनों बहुत खुश हुए। बगीचे का तालाब बहुत सुंदर लग रहा था परंतु गर्मियों में तो यह बिल्कुल.....जाता है।

'दादाजी! आज तो मजा ही आ गया सचमुच सुबह का भ्रमण.....फल देता है।' दादाजी ने मुस्कुराते हुए कहा, 'हां बेटा! अब जल्दी घर चलना है। आज तुम्हें अपना हस्तलेख सुधारने के लिए .....भी तो लिखना है।'

'जी! अब तक तो मम्मी ने मेरी पसंद का टमाटर.....भी तैयार कर दिया होगा।'

उत्तर- सुबह, सूरज, सुंदर, सुगंध, सूरजमुखी, सुहाना, सुरीली, सूख, सुफल, सुलेख, सूप

## रंग भरो-147

**रंग भरो-147** में दिए गए चित्र को तुम लोगों ने बहुत अच्छे से रंगकर हमें भेजा। उनमें से चुना गया सबसे अच्छा चित्र हम यहां प्रकाशित कर रहे हैं। उसे रंगकर भेजने वाले बच्चे के चित्र के साथ कुछ अन्य बच्चों के नाम और चित्र भी प्रकाशित कर रहे हैं।





लक्ष्य, रोहतक



अराध्य, बिलासपुर



अंकित, धमतरी



अंजलि, फरीदाबाद



पलक, धमतरी



सुयश, बिलासपुर

**इनके भी चित्र रहे प्रशंसनीय**

दैविक-रोहतक, कल्पित-रोहतक, आर.विद्या-रायपुर, जतिन-जींद, योगेश-जबलपुर, धीरज-महासमुंद, मीरा-रायगढ़, खुशी-भिवानी, रौनक-जांजगीर, कविता-भोपाल, शिवेश-दिल्ली, अनंता-बस्तर, पीहू-गुना, प्रशांत-करनाल, ज्योति-कोरबा

## रंग भरो 148



बच्चों, यहां पर लकड़ी के एक लट्ठे पर बैलेंस बनाकर चलते हुए एक बच्चे और बच्ची का चित्र दिया गया है। इसको मनचाहे रंगों से रंग कर हमें भेजो। जिस बच्चे का चित्र सर्वश्रेष्ठ होगा, उसे हम बालभूमि में प्रकाशित करेंगे। चित्र के साथ अपनी फोटो, अपना और शहर का नाम हमें इस पते पर भेजो- संपादक- फीचर, हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सेंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली- 110035 या ई-मेल आईडी balbhoomi-hb@gmail.com पर मेल करो।

## रास्ता खोजो

बच्चों, दिए गए चित्र में कुछ फल दिखाई दे रहे हैं। जिन्हें (A)राजू, (B)पिंकी और (C)सोनू खाना चाहते हैं। तुम्हें सही रास्ता खोजकर यह बताना है कि ये फल किसके हैं?




उत्तर : A राजू

**खबर संक्षेप**

### बीमा कम्पनियों की मनमानी पर रोक लगाए सरकार



**रोहतक।** प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना एवं पोर्टल से किसानों को लाभ की बजाए नुकसान ज्यादा है। हरियाणा में सबसे ज्यादा नुकशान जींद जिले में हुआ है। यह कहा है देव हिंदू मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष दलजीत मलिक का। उन्होंने कहा कि जब किसान पोर्टल पर अपना पंजीकरण करवाकर मुआवजा प्राप्त करनें अधिकारियों के समक्ष जाते हैं तो अधिकारी ये बाते कहकर टाल मटोल कर देते है कि आपकी फसल में 70 प्रतिशत से कम है। बीमा कंपनी इसका लाभ उसको देती है, जिसका नुकशान 70 प्रतिशत से अधिक हो। जबकि किसान के न चाहते हुए भी बीमा कम्पनी जबदस्ती किसानों का बीमा कर देती है।



### वैश्विक पेटेंट दाखिल करने का महत्व बताया

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के फार्मासुयटिकल साइंसेज विभाग द्वारा स्वराज सदन में चौ. रणबीर सिंह इंस्टीट्यूट ऑफ इकोनोमिक एंड सोशल चेंज के सहयोग से संचालित- चैलेंजस एंड आपरच्यूनिटीज इन फार्मासुयटिकल इंडस्ट्री विषयक सात दिवसीय दिवसीय कार्यशाला में आज प्रथम सत्र में चौथे दिन आईपी मल्टीप्लीयर, गुरुग्राम की निदेशिक पर्ल सोबती ने बौद्धिक संपदा संरक्षण में चुनौतियों और वैश्विक स्तर पर पेटेंट दाखिल करने के महत्व के बारे में विस्तार से बताया।

### खेलों से नेतृत्व विकसित होता है: प्रो. राजबीर

**रोहतक।** खेल स्वस्थ जीवन शैली विकसित करते हैं। मानसिक एवं शारीरिक तंदुरूस्ती के लिए विद्यार्थी खेल से जुड़ें। यह कहा है महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. राजबीर सिंह ने। वीसी खेल परिसर में वार्षिक इंटर हॉस्टल ब्यॉज खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ कर रहे थे। उन्होंने हास्टल विद्यार्थियों को जीवन में खेल की महत्ता से अवगत करवाया। उन्होंने कहा कि खेल सकारात्मक ऊर्जा का संचार करते हैं और लीडरशिप, टीम स्पिरिट जैसे गुणों को विकसित करते हैं।

# चैत्र नवरात्रे 9 से, बन रहे सर्वार्थ और अमृत सिद्धि योग: मनोज मिश्रा

## 17 अप्रैल को होगा नवरात्रि का समापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

हिंदू धर्म में नवरात्रि के पर्व को पावन और पवित्र माना जाता है। यह पर्व देशभर में बड़े ही धूमधाम से मनाया जाता है। नवरात्रि के नौ दिनों में माता रानी के भक्त व्रत रखते हैं और विधि पूर्वक उनकी पूजा करते हैं। चैत्र नवरात्रि से ही नया हिंदू वर्ष प्रारंभ हो जाता है। अबकी बार खास बात ये है कि चैत्र नवरात्र के पहले दिन सर्वार्थ सिद्धि योग और अमृत सिद्धि योग बन रहे हैं। वैसे तो साल में चार नवरात्रि तिथियां होती हैं, लेकिन इनमें से चैत्र और शारदीय नवरात्रि को प्रमुख माना जाता है। चैत्र नवरात्रि का प्रारंभ चैत्र माह के शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा तिथि से होता है। दुर्गा भवन मंदिर के पंडित मनोज मिश्र ने बताया कि साल 2024 का चैत्र नवरात्रि 9 अप्रैल से शुरु हो रहा है, जिसका समापन 17 अप्रैल होगा।

### 9 को कालयुक्त संवत शुरू

संवत के आरंभ में चैत्र नवरात्रि 9 अप्रैल को कालयुक्त नामक संवत भी शुरू होगा, इस साल चैत्र नवरात्रि पर माता का वाहन घोड़े होगा। घोड़े को मां दुर्गा का शुभ वाहन नहीं माना जाता है, पूरे साल चार नवरात्रि आती है, जिनमें आश्विन और चैत्र मास की नवरात्रि सबसे ज्यादा समाज में प्रचलित है, कहा जाता है कि सतयुग में सबसे ज्यादा प्रसिद्ध और प्रचलित चैत्र नवरात्रि थी, इसी दिन से युग का आरंभ भी माना जाता है, इसलिए संवत का आरंभ में चैत्र नवरात्रि से ही होता है।

### घोड़े पर सवार होकर आएंगी मां दुर्गा

ज्योतिष शास्त्रों के अनुसार, इस बार चैत्र नवरात्रि में मां दुर्गा घोड़े पर सवार होकर आएंगी। घोड़े को मां दुर्गा का शुभ वाहन नहीं माना जाता है, ये युद्ध और प्राकृतिक आपदाओं का संकेत देता है। सत्ता में उथल पुथल होता है, शुभ योगचैत्र नवरात्रि के पहले दिन यानी प्रतिपदा तिथि पर सर्वार्थ सिद्धि योग और अमृत सिद्धि योग का निर्माण हो रहा है, इस दिन अमृत और सर्वार्थ सिद्धि योग का निर्माण सुबह 07:32 से हो रहा है, ये दोनों योग संध्याकाल 05:06 मिनट तक है।

### देवी मां दुर्गा के वाहन का प्रभाव

मां दुर्गा का वाहन सिंह को माना जाता है, हर साल नवरात्रि के समय तिथि के अनुसार माता अलग-अलग वाहनों पर सवार होकर धरती पर आती हैं, यानी माता सिंह की बजाय दूसरी सवारी पर सवार होकर भी पृथ्वी पर आती हैं। माता दुर्गा आती भी वाहन से हैं और जाती भी वाहन से हैं। अगर नवरात्र का आरंभ सोमवार या रविवार को हो तो इसका मतलब है कि माता हाथी पर आएंगी, शनिवार और मंगलवार को माता अश्व यानी घोड़े पर सवार होकर आती हैं, गुरुवार या शुक्रवार को नवरात्र का आरंभ हो रहा हो तब माता डोली पर आती हैं, बुधवार के दिन नवरात्र पूजा आरंभ होने पर माता नाव पर आरुढ़ होकर आती हैं।

### चैत्र नवरात्रि की तिथियां

9 अप्रैल - नवरात्रि प्रतिपदा- मां शैलपुत्री पूजा और घटस्थापना
10 अप्रैल - नवरात्रि द्वितीया- मां ब्रह्मचारिणी पूजा
11 अप्रैल - नवरात्रि तृतीया- मां चंद्रघंटा पूजा
12 अप्रैल - नवरात्रि चतुर्थी- मां कुष्मांडा पूजा
13 अप्रैल - नवरात्रि पंचमी- मां स्कंदमाता पूजा
14 अप्रैल - नवरात्रि षष्ठी- मां कात्यायनी पूजा
15 अप्रैल - नवरात्रि सप्तमी- मां कालरात्रि पूजा
16 अप्रैल - नवरात्रि अष्टमी- मां महागौरी
17 अप्रैल - नवरात्रि नवमी- मां सिद्धिदात्री , रामनवमी



रोहतक। आचार्य मनोज मिश्र।

**विक्रम संवत- 2081**

विक्रम संवत, 2081 संवत नाम, कालयुक्तवर्ष का राजा, मंगलवर्ष का मंत्री, शनिरोहिणी का वास, तट पर, धोबी के घर परसंवत वास, सन्धि पर, वैश्य के घर परसंवत वाहन, बैल (वृषभ)

### चैत्र शुक्ल पक्ष

- 9 अप्रैल मंगलवार - चैत्र नवरात्रि, हिंदू नववर्ष शुरू, गुड़ी पड़वा
- 9 अप्रैल मंगलवार - पंचक समाप्त
- 13 अप्रैल शनिवार वैशाख संक्रांति
- 16 अप्रैल मंगलवार ,दुर्गाष्टमी
- 17 अप्रैल बुधवार, नवरात्रि समाप्त, श्री राम नवमी
- 19 अप्रैल शुक्रवार, कामदा एकादशी
- 21 अप्रैल रविवार- प्रदोष व्रत
- 23 अप्रैल मंगलवार- हनुमान जयंती, चैत्र पूर्णिमा व्रतबाक्स- वैशाख कृष्ण पक्ष
- 24 अप्रैल से 8 मई तक
- 24 अप्रैल बुधवार शुक्रअस्त
- 27 अप्रैल शनिवार- संकष्टी चतुर्थी
- 2 मई बुधवार, पंचक प्रारंभ
- 4 मई शनिवार - बरुथिनी एकादशी
- 5 मई रविवार - प्रदोष व्रत
- 6 मई सोमवार, पंचक समाप्त, गुरूअस्त
- 8 मई बुधवार- वैशाख अमावस्या

## रोहतक लोकसभा क्षेत्र में 986777 पुरुष एवं 877196 हैं महिला मतदाता

# रोहतक लोकसभा में 25 मई को 18,63973 मतदाता करेंगे अपने मत का प्रयोग: अजय

## विधानसभा क्षेत्र में 48 अतिविशिष्ट मतदाता, 2362 सर्विस मतदाता तथा 1913 दिव्यांग मतदाता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

रोहतक लोकसभा के रिटर्निंग अधिकारी एवं उपायुक्त अजय कुमार (आईएएस) ने कहा है कि लोकसभा आम चुनाव 2024 के लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी चुनाव कार्यक्रम के अनुसार रोहतक लोकसभा के लिए 25 मई को मतदान होगा। रिटर्निंग अधिकारी अजय कुमार ने कहा है कि रोहतक लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत जिला की महम, गढ़ी-सांपला-किलोई, रोहतक एवं कलानौर विधानसभा क्षेत्र, झज्जर जिला की बहादुरगढ़, बादली, झज्जर व बेरी विधानसभा क्षेत्र तथा रेवाड़ी जिला की कोसली विधानसभा क्षेत्र शामिल है। इन 9 विधानसभा क्षेत्रों में 547 गांव शामिल है तथा लोकसभा क्षेत्र में 1884 मतदान केंद्र बनाये गए है। लोकसभा क्षेत्र में 21 किन्नर मतदाता, 455 अतिविशिष्ट मतदाता, 23331 सर्विस मतदाता तथा 15677 दिव्यांग मतदाता है।

अजय कुमार ने कहा कि रोहतक लोकसभा क्षेत्र के तहत आने वाली महम-60 विधानसभा क्षेत्र में एक लाख 96 हजार 534 मतदाताओं में से एक लाख 5 हजार 226 पुरुष मतदाता तथा 91 हजार 306 महिला मतदाता है। इस विधानसभा क्षेत्र में 42 गांव में है, जिनमें 217 मतदान केंद्र बनाये गए है। विधानसभा क्षेत्र में 2 किन्नर मतदाता, 31 अतिविशिष्ट मतदाता, 1933 सर्विस मतदाता तथा 1662 दिव्यांग मतदाता है। गढ़ी-सांपला-किलोई-61 विधानसभा क्षेत्र में 2 लाख 19 हजार 585 मतदाताओं में से एक लाख 17 हजार 749 पुरुष मतदाता तथा एक लाख एक हजार 836 महिला मतदाता है। इस विधानसभा क्षेत्र में 59 गांव में है, जिनमें 225 मतदान केंद्र बनाए गए हैं। विधानसभा क्षेत्र में 48 अतिविशिष्ट मतदाता, 2362 सर्विस मतदाता तथा 1913 दिव्यांग मतदाता है।जिला झज्जर की बहादुरगढ़-64 विधानसभा क्षेत्र में 2 लाख 37 हजार 832 मतदाताओं में से एक लाख 27 हजार 113 पुरुष मतदाता तथा एक लाख 10 हजार 719 महिला मतदाता है। इस विधानसभा क्षेत्र में 33 गांव है, जिनमें 224 मतदान केंद्र बनाये गए है। विधानसभा क्षेत्र में 5 किन्नर मतदाता, 58 अतिविशिष्ट मतदाता, 1121 सर्विस मतदाता तथा 1514 दिव्यांग मतदाता है। बादली-65 विधानसभा क्षेत्र में एक लाख 86 हजार 805 मतदाताओं में से 98 हजार 627 पुरुष मतदाता तथा 88 हजार 178 महिला मतदाता है। इस विधानसभा क्षेत्र में 102 गांव में है, जिनमें 198 मतदान केंद्र बनाये गए है। विधानसभा क्षेत्र में 2 किन्नर मतदाता, 126 अतिविशिष्ट मतदाता, 2639 सर्विस मतदाता तथा 970 दिव्यांग मतदाता है। झज्जर-66 (अनुसूचित जाति) विधानसभा क्षेत्र में एक लाख 87 हजार 562 मतदाताओं में से 98 हजार 254 पुरुष मतदाता तथा 89 हजार 308 महिला मतदाता है। इस विधानसभा क्षेत्र में 80 गांव है, जिनमें 188 मतदान केंद्र बनाये गए है। विधानसभा क्षेत्र में एक किन्नर मतदाता, 62 अतिविशिष्ट मतदाता, 3697 सर्विस मतदाता तथा 1638 दिव्यांग मतदाता है। बेरी-67 विधानसभा क्षेत्र में एक लाख 82 हजार 169 मतदाताओं में से 97 हजार 241 पुरुष मतदाता तथा 84 हजार 928 महिला मतदाता है। इस विधानसभा क्षेत्र में 54 गांव में है, जिनमें 186 मतदान केंद्र बनाये गए है। विधानसभा क्षेत्र में 5 किन्नर मतदाता, 42 अतिविशिष्ट मतदाता, 2984 सर्विस मतदाता तथा 1472 दिव्यांग मतदाता है।रेवाड़ी जिला की कोसली-73 विधानसभा क्षेत्र में 2 लाख 46 हजार 432 मतदाताओं में से एक लाख 28 हजार 778 पुरुष मतदाता तथा एक लाख 17 हजार 654 महिला मतदाता है। इस विधानसभा क्षेत्र में 138 गांव में है, जिनमें 274 मतदान केंद्र बनाए गए हैं। विधानसभा क्षेत्र में एक किन्नर मतदाता, 4 अतिविशिष्ट मतदाता, 5580 सर्विस मतदाता तथा 1703 दिव्यांग मतदाता है।

### रोहतक में विधानसभाओं की स्थिति

रोहतक लोकसभा के अंतर्गत रोहतक, झज्जर व रेवाड़ी की 9 विधानसभाएं शामिल है। लोकसभा क्षेत्र में 18 लाख 63 हजार 973 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। इन मतदाताओं में 9 लाख 86 हजार 777 पुरुष मतदाता, 8 लाख 77 हजार 196 महिला मतदाता शामिल है।



### रोहतक लोकसभा में मतदाताओं की स्थिति

रोहतक-62 विधानसभा क्षेत्र में एक लाख 98 हजार 82 मतदाताओं में से एक लाख 2 हजार 452 पुरुष मतदाता तथा 95 हजार 627 महिला मतदाता है। इस विधानसभा क्षेत्र में 170 मतदान केंद्र बनाए गए हैं। विधानसभा क्षेत्र में 3 किन्नर मतदाता, 39 अतिविशिष्ट मतदाता, 764 सर्विस मतदाता तथा 3059 दिव्यांग मतदाता है। कलानौर-63 (अनुसूचित जाति) विधानसभा क्षेत्र में 2 लाख 13 हजार 432 मतदाताओं में से एक लाख 13 हजार 636 पुरुष मतदाता तथा 99 हजार 794 महिला मतदाता है। इस विधानसभा क्षेत्र में 39 गांव में है, जिनमें 202 मतदान केंद्र बनाये गए है। विधानसभा क्षेत्र में 2 किन्नर मतदाता, 45 अतिविशिष्ट मतदाता, 2251 सर्विस मतदाता तथा 1746 दिव्यांग मतदाता है।

**खास बातें**

- रोहतक जिले की 4, झज्जर जिले की 4 व रेवाड़ी जिले की एक विधानसभा क्षेत्र पड़ती है लोकसभा क्षेत्र में : लोकसभा चुनाव के लिए 1884 मतदान केंद्र किए गए है स्थापित



महम। मतदाता जागरूकता रैली में भाग लेते राजकीय महाविद्यालय महम के विद्यार्थी व शिक्षक। फोटो : हरिभूमि

### गवर्नमेंट कॉलेज ने निकाली मतदाता जागरूकता रैली

**महम।** बृहस्पतिवार को राजकीय महाविद्यालय महम की एनसीसी, एनएसएस व वाईआरसी यूनिट्स के तत्वाधान में विद्यार्थियों ने मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित करने के लिए जागरूकता रैली निकाली। जागरूकता रैली को महाविद्यालय के कार्यवाहक प्राचार्य रोहित कुमार ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह जागरूकता दल शहर के विभिन्न हिस्सों सड़कों व गलियों से होते हुए वापस महाविद्यालय पहुंचा । इस दौरान विद्यार्थियों ने मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित करने हेतु हाथों में स्लोगन लिखी हुई तख्तियां उठाई और नारे लगाए। इस दौरान विद्यार्थियों को मतदान हेतु शपथ भी दिलाई। शपथ समारोह को संबोधित करते हुए कार्यवाहक प्राचार्य रोहित कुमार ने विद्यार्थियों को बताया की मतदान लोकतंत्र की रीढ़ है। उन्होंने विद्यार्थियों को लोकसभा चुनाव में बढ़ चढ़कर मतदान करने की अपील की।



रोहतक। फिल्म देखते हुए विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

### विलियम शेक्सपीयर के नाटक द मर्चेन्ट ऑफ वेनिस पर आधारित फिल्म दिखाई

**रोहतक।** सत जीन्दा कल्याणा कॉलेज कलानौर में अंग्रेजी विभाग द्वारा विलियम शेक्सपीयर के नाटक द मर्चेन्ट ऑफ वेनिस पर आधारित फिल्म बीए तृतीय वर्ष के विद्यार्थियों को दिखाई गई। यह फिल्म जाति तथा धर्म की भावना से ऊपर आपसी भाईचारे और प्रेम के संबंध पर आधरित थी। कार्यक्रम का आयोजन अंग्रेजी विभागाध्यक्षा डॉ. शालिनी शर्मा के दिशा-निर्देशन में किया गया। प्राचार्य डॉ. नरेश कुमार दुआ ने कहा कि पाठ्यक्रम पर आधारित यह फिल्म विद्यार्थियों को आकर्षक तरीके से विश्लेषण और अवलोकन करने का अवसर प्रदान करती है। इस मौके पर डॉ. ममता रानी, डॉ. मानसा राय, डॉ. दीपा जुनेजा आदि मौजूद रहे।

# नहरों में कचरा न डालने के जारी किए जाएं निर्देश, आयुक्त को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

जल संरक्षण और जल को प्रदूषण से बचने की मुहिम में लगे सुनो नहरों की पुकार मिशन के वरिष्ठ सदस्य स्वामी गोविंद करतार, निर्मल पन्नू, राजवीर मलिक, डॉ. रविंद्र नांदल और कैप्टन जगबीर मलिक, करतार सिंह साहरण वीरवार को उपायुक्त अजय कुमार से मिले और उन्हें अवगत करवाया कि रोहतक शहर से गुजरने वाली भालौठ ब्रांच और जेएनएल नहरों का पानी लोगों द्वारा डाली गई प्लास्टिक थैलियों, बची पूजा सामग्री, कोयला, मूर्तियां और अन्य घर के सामान से बुरी तरीके से प्रदूषित हो रहा है। यही प्रदूषित पानी रोहतक, झज्जर, दादरी, रेवाड़ी और महेंद्रगढ़ जिलों के विभिन्न नगरों और गांवों में पीने के लिए सप्लाई होता है। इस प्रदूषित पानी को पीने के कारण इस इलाके के लोगों का स्वास्थ्य प्रभावित हो रहा है। सुनो नहरों की पुकार मिशन की टीम ने प्रशासन से अपील की कि नहरों में किसी भी प्रकार का कचरा या वस्तुएं न डालने के लिए निर्देश जारी किए जाएं। सरकार के आदेशों का पालन न करने वालों पर कार्यवाही भी की जानी चाहिए ताकि पानी को प्रदूषित होने से बचाया जा सके। सुनो नहरों की पुकार मिशन के सदस्यों ने बताया कि उपायुक्त ने आश्वासन दिया है कि नहरों में किसी भी प्रकार का कचरा न डालने के लिए दिशा निर्देश जारी किए जाएंगे और आदेशों का पालन न करने वालों पर नियमों के अनुसार कार्रवाई की जाएगी। इसके बाद प्रतिनिधिमंडल नगर निगम के जॉइंट कमिश्नर विजय मलिक से भी मिला और उनसे भी नहरों में डाले जा रहे कचरे को उठाने के लिए गाड़ी और सुनो नहरों की पुकार टीम के साथ एक कर्मचारी को देने की बात कही।

# छात्रों के साथ संवाद में दीपेंद्र हुड्डा ने जारी किया भर्ती प्रक्रिया का ड्राफ्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

राज्यसभा सांसद दीपेंद्र सिंह हुड्डा का कहना है कि युवा भागीदारी न्याय के तहत प्रदेश के अलग-अलग विभागों में खाली पड़े 2 लाख से ज्यादा पदों पर पक्की, पारदर्शी और समयबद्ध भर्ती करना कांग्रेस का मकसद है। इसके लिए पार्टी द्वारा बाकायदा भर्ती विधान जारी किया जाएगा। इसके कुछ बिंदुओं को बुधवार को सांसद हुड्डा ने महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय में छात्रों के साथ साझा किया। ये एनएसयूआई द्वारा आयोजित छात्र पंचायत को संबोधित कर रहे थे।

कार्यक्रम में छात्रों के सवालों का जवाब देते हुए दीपेंद्र हुड्डा ने बताया कि कांग्रेस सरकार बनने पर भर्ती संबंधी सभी एजेंसियों व पदाधिकारियों की जिम्मेदारियां निर्धारित होंगी ताकि भर्तियों में किसी भी तरह की अनियमितता की संभावना ना रहे। अगर किसी भर्ती में कोई अनियमितता पाई गई तो इसके लिए सिर्फ बाहरी एजेंसियों को नहीं, बल्कि सीधे तौर पर एचएसएससी और एचपीएससी में बैठे अधिकारियों, सदस्यों और चेयरमैन को भी जिम्मेदार माना जाएगा। उन्होंने कहा कि समयबद्ध भर्तियां करवाने के लिए हर भर्ती के लिए अलग ओएसडी की नियुक्ति होगी। हरेक भर्ती के फॉर्म के साथ उसका पूरा कैलेंडर भी जारी होगा, जिसमें पेपर व रिजल्ट तक की तारीख लिखी होगी।



रोहतक। छात्रों को सम्बोधित करते हुए सांसद दीपेंद्र सिंह हुड्डा।

### दीपेंद्र हुड्डा ने बीजेपी उम्मीदवार अरविंद शर्मा पर लगाए आरोप

**रोहतक।** कांग्रेस के राज्यसभा सांसद दीपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा है कि बीजेपी के सांसद और रोहतक से लोकसभा के उम्मीदवार डॉ अरविंद शर्मा पांच साल में जनता के बीच में नहीं गए। इसके अलावा वह लोगों के काम भी नहीं करवा पाए। साथ ही वह संसद में भी कम उपस्थित हुए। उन्होंने भारतीय जनता पार्टी पर निशाना साधते हुए कहा कि अब यह चाहे कितने ही चेहरे बदल ले लेकिन अब की बार लोग प्रदेश में बदलाव चाहते हैं। भारतीय जनता पार्टी के प्रति लोगों में काफी नाराजगी है। लोकसभा प्रत्याशियों का काफी जगह विरोध दिखाई दे रहा है। दीपेंद्र सिंह हुड्डा वीरवार को लोकसभा चुनाव प्रचार के दौरान एक होटल में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने विजेंद्र बॉक्सर के कांग्रेस छोड़ने पर कहा कि कांग्रेस का परिवार बढ़ रहा है। दूसरे राजनीतिक दलों से 35 से ज्यादा पूर्व मंत्री, पूर्व विधायक, सांसद एवं अन्य बड़े नेता हरियाणा में कांग्रेस में शामिल हुए हैं। वह रोजाना जनता के बीच जा रहे हैं। उन्हें भरपूर समर्थन मिल रहा है। साथ ही उन्होंने कहा प्रदेश में अपराध बढ़ रहा है।

## आंगनवाड़ी केंद्रों में महिलाओं को दिलवाई गई मतदान करने की शपथ

# शिक्षा विभाग ने रंगोली के माध्यम से दिया मतदान का संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त अजय कुमार ने कहा है कि लोकसभा आम चुनाव 2024 में प्रत्येक मतदाता की भागीदारी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से मतदाताओं को मतदान के लिए जागरूक किया जा रहा है। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार मतदाताओं को जागरूक करने के लिए सिस्टमेटिक वोटर्स एजुकेशन एंड इलेक्टोरल पार्टिसिपेशन (स्वीप) अभियान के तहत निरंतर जागरूकता गतिविधियां आयोजित की जा रही है।अजय कुमार ने बताया कि जिला प्रशासन द्वारा विभिन्न विभागों को स्वीप अभियान के तहत गतिविधियां आयोजित करने के निर्देश जारी किए गए है। विद्यार्थियों द्वारा विभिन्न रंगों से आकर्षक रंगोली बनाकर मतदाताओं से लोकसभा आम चुनाव में बढ़-चढ़कर भाग लेने की अपील की गई। विद्यार्थियों ने बेहतर भारत के लिए मतदान, मेरा वोट मेरी ताकत, मेरा पहला वोट देश के लिए आदि रंगोलियों के माध्यम से विद्यार्थियों, अध्यापकों तथा मतदाताओं को लोकसभा चुनाव में शत-प्रतिशत मतदान करने का संदेश दिया गया।

अजय कुमार ने बताया कि मतदाता जागरूकता अभियान के तहत महिला एवं बाल विकास विभाग की आंगनवाडी कार्यकर्ताओं, सुपरवाइजरों, सीडीपीओ ने जागरूकता अभियान की विभिन्न गतिविधियों में हिस्सा लिया। विभाग की ओर से जिला के विभिन्न आंगनबाड़ी केंद्रों में महिलाओं को मतदाता शपथ दिलवाई गई तथा उन्हें लोकसभा आम चुनाव में शत-प्रतिशत मतदान के बारे में जागरूक किया गया।





रोहतक। लोगों को मतदान के प्रति जागरूक करते हुए। फोटो : हरिभूमि



रोहतक। अंतर विश्वविद्यालय राष्ट्रीय युवा महोत्सव में तीसरा स्थान प्राप्त करने वाली छात्रा को सम्मानित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

### राष्ट्रीय युवा महोत्सव में अनन्या को तीसरा स्थान

**रोहतक।** पंजाब कृषि विश्वविद्यालय में 28 मार्च से 1 अप्रैल तक 37वां अंतर विश्वविद्यालय राष्ट्रीय युवा महोत्सव का आयोजन किया गया। युवा महोत्सव में गौड़ ब्राह्मण डिग्री कॉलेज की एमए राजनीति विज्ञान की छात्रा अनन्या ने महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय का प्रतिनिधित्व करते हुए एलोकेशन प्रतियोगिता में भाग लिया। छात्रा ने इस प्रतियोगिता में तीसरा स्थान प्राप्त किया। कॉलेज में प्राचार्य डॉ. जयपाल शर्मा एवं महाविद्यालय सांस्कृतिक समिति ने अनन्या का स्वागत किया। डॉ. शर्मा ने कहा कि प्रतियोगिताएं मनुष्य के आत्म विश्वास को बढ़ाने के साथ साथ उन्हें एक मंच प्रदान करती है जहां विद्यार्थी अपनी प्रतिभा को निखारता है। उन्होंने छात्रा के उज्जवल भविष्य की कामना की। इस मौके पर डॉ. अंजू शर्मा, डॉ. सुखदेव शर्मा, डॉ. मंजू शर्मा, डॉ. सुरेंद्र शर्मा, डॉ. सीमा शर्मा, डॉ. मनीषा कौशिक, डॉ. गीता पाठक, डॉ. पिंकी शर्मा, लतिका गौड़ आदि मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप



### विद्यार्थियों ने आईएमए देहरादून की विजिट की

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविधालय रोहतक के रक्षा एवं सामरिक अध्ययन विभाग के विद्यार्थियों के दल ने भारतीय सेना अकादमी और फॉरेस्ट रिसर्च इंस्टिट्यूट देहरादून की विजिट की। प्राध्यापक प्रोफेसर एसपी वत्स की अध्यक्षता में इस विजिट का आयोजन किया गया। इंडियन मिलट्री एकेडमी में विद्यार्थियों को चलचित्र द्वारा आईएमए की विकास यात्र से रूबरू करवाया गया। विद्यार्थियों ने आईएमए की लाइब्रेरी में रक्षा एवं सामरिक अध्ययन विभाग से संबंधित किताबों का अवलोकन किया, फिर अधिकारी कैडेट्स की घुड़सवारी के बारे में विस्तार से जानकारी प्राप्त की।

### चंडीगढ़ में छाया रोहतक रनर्स ग्रुप

**रोहतक।** चंडीगढ़ में हुई डेली वर्ल्ड मैराथन में रोहतक रनर्स ग्रुप के धावकों ने काबिले तारीफ प्रदर्शन किया। पवन कुमार ने फुल मैराथन (42.2 किलो मीटर) में प्रथम स्थान प्राप्त किया। हॉफ मैराथन (21.1 किलो मीटर) में बिमला बनवाला ने अपनी पारंपरिक वेशभूषा सलवार कमीज में दौड़ लगाते हुए प्रथम स्थान, कृष्ण सिंह सांगवान ने तीसरा और चंद्रपाल बनवाला ने चौथा स्थान प्राप्त किया।



### राष्ट्रीय जंप रोप के खिलाड़ियों का स्वागत

**रोहतक।** चंद्रावती फतेहाबाद इंदौर शहर के सांदीपनि इंटरनेशनल स्कूल में 31 मार्च से 3 अप्रैल तक 20वीं राष्ट्रीय जंप रोप प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। यह जानकारी हरियाणा जंप रोप संघ के महासचिव वीर सिंह आर्य ने दी। उन्होंने बताया कि इंदौर मध्य प्रदेश में राष्ट्रीय प्रतियोगिता का समापन हुआ। जिसमें हरियाणा जंप रोप की टीम में 13 लड़कियां 15 लड़कों ने प्रतियोगिता में हिस्सा लिया। उन्होंने बताया कि हरियाणा टीम ने 14 स्वर्ण, 6 रजत और 5 कांस्य पदक जीतकर हरियाणा का नाम रोशन किया।

### सुरक्षा की दृष्टि से बूथ पर होने वाले आवश्यक कार्यों को प्रशासन की मदद से जल्द पूरा करें

# एसपी ने मतदान केंद्रों का दौरा कर लिया जायजा अधिकारियों को दिए गए आवश्यक निर्देश

**संवेदनशील और अतिसंवेदनशील बूथों पर पुलिस अपनी सक्रियता बढ़ाए**

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

एसपी हिमांशु गर्ग ने थाना सिविल लाइन, आईएमटी, अर्बन एस्टेट, पुरानी सब्जी मंडी व शिवाजी कॉलोनी के अंतर्गत आने वाले मतदान केंद्रों का दौरा किया है। उन्होंने सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया तथा मौके पर ही संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए है। एसपी ने पंडित नेकीराम गवर्मेंट कॉलेज, सीआर पॉलिटेक्निक, खेड़ी साध, बलियाना, बोहर, कुश्ती हॉल छोटूराम स्टेडियम, उपकार पब्लिक स्कूल, गोहाना रोड रोहतक, गवर्मेंट हाई स्कूल सुखपुरा रोहतक, सैनी हाई स्कूल, गवर्मेंट मॉडल स्कूल नजदीक बाल भवन, विश्वकर्मा सीनियर सेकेंडरी स्कूल झज्जर रोड व चौपाल किशनपुरा में बने मतदान केंद्रों का दौरा किया। उन्होंने कहा कि सुरक्षा की दृष्टि से बूथ पर होने वाले आवश्यक कार्यों को प्रशासन की मदद से जल्द से जल्द पूरा करवाए।





**रोहतक।** सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेते हुए एसपी हिमांशु गर्ग, कुश्ती हॉल छोटूराम स्टेडियम का जायजा लेते हुए एसपी हिमांशु गर्ग ।

#### रोहतक में 7 जगहों पर नाकाबंदी

एसपी ने बताया कि चुनाव के मध्यनजर रोहतक में 7 जगहों पर नाकाबंदी की गई है। नाकों पर पुलिस व अर्धसैनिक बलों के जवानों को तैनात किया गया है। नाकाबंदी के दौरान संदिग्ध वाहनों व व्यक्तियों की गहनता से जांच की जा रही है। अवैध हथियार, अवैध शराब की तस्करी रोकने के लिए तथा चुनाव पर अनैतिक साधनों का प्रभाव न पड़े इसके लिए सख्ती से नाकाबंदी की जा रही है।

संवेदनशील व अतिसंवेदनशील बूथों पर पुलिस अपनी सक्रियता बढ़ाए। इस दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक लोगेश कुमार, उप पुलिस अधीक्षक विवेक कुंडू, उप पुलिस अधीक्षक सांपला राकेश कुमार, उप पुलिस अधीक्षक विरेंद्र व संबंधित थाना प्रभारी मौजूद रहे।

#### पुलिस अधिकारी अपने एरिया में बनाए कानून व्यवस्था

एसपी ने कहा कि गांव के मौजिज व्यक्तियों से लगातार संवाद स्थापित किया जा रहा है ताकि एरिया में शांति व भाईचारा बना रहे तथा किसी भी घटना को होने से पहले ही रोक जा सके। उन्होंने अधिकारियो को दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि सभी पुलिस अधिकारी अपने-2 एरिया में कानून व्यवस्था बनाए रखे। आदर्श आचार संहिता को सख्ती से लागू करें। अपने क्षेत्र में आने वाले प्रत्येक बूथ का दौरा करें। बूथ स्तर पर मौजिज व्यक्तियों की टीम बनाए जो शांतिपूर्वक चुनाव करवाने में पुलिस की सहायता कर सके।

#### सुरक्षा के पुख्ता बंदोबस्त किए जा रहे

एसपी ने बताया कि पुलिस द्वारा लोकसभा चुनाव 2024 को सुचारू व शांतिपूर्वक संपन्न कराने के लिए सुरक्षा के पुख्ता बंदोबस्त किए जा रहे है। मौजूदा परिस्थिति तथा मतदान केंद्र व क्षेत्र के इतिहास के आधार पर मतदान केंद्रों को संवेदनशील व अति संवेदनशील की सूची में शामिल किया गया है। मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया जा रहा है ताकि मतदान के दौरान सुरक्षा के पुख्ता बंदोबस्त किए जा सके। संवेदनशील मतदान केंद्रों पर हरियाणा पुलिस के साथ-2 अर्धसैनिक बलों के जवानों को भी तैनात किया जाएगा।




**रोहतक।** विद्यार्थियों को सम्बोधित करते हुए प्रधानाचार्या मलिक।

## बच्चों को स्कूल के नियमों और कार्यप्रणाली से अवगत करवाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

गोहाना रोड स्थित जॉन वेस्ले कॉन्वेंट में नए शैक्षणिक सत्र की शुरुआत करते हुए ओरिएंटेशन डे का आयोजन किया गया। जिसका उद्देश्य छात्रों को एक अज्ञात परिसर के माहौल, बुनियादी ढांचे से परिचित करवाना रहा। प्रधानाचार्या डॉ. ममता मलिक ने पिछले शैक्षणिक सत्र के सफल समापन के लिए सभी छात्रों और शिक्षकों को बधाई दी और नए शैक्षणिक सत्र 2024-25 के प्रारंभ होने के लिए शुभकामनाएं दी। उन्होंने बच्चों को स्कूल के नियमों और कार्यप्रणाली से अवगत करवाया। उन्होंने कहा कि छात्रों के जीवन में अनुशासन और ध्यान का बहुत महत्व है, ध्यान लगाने से विद्यार्थी अपनी क्षमताओं और रचनात्मकता को बेहतर कर सकते हैं व अपनी पढ़ाई में मन लगा सकते हैं। उन्होंने बच्चों को अपने जीवन में समय के महत्व को समझने और हर पल सीखने की अभिलाषा को बनाए रखने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने छात्रों को निरंतर पढ़ते रहने के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि उन्हें ऐसी विषय-वस्तु पढ़नी चाहिए जो उनके विश्वास को चुनौती दे ना कि उनकी पुष्टि करे। उन्होंने ये भी कहा कि अपनी मानसिक दृढ़ता को मजबूत करने के लिए हमें असुविधा का भी अभ्यास करना चाहिए।

## शिव पार्वती चौंक पर वाटरकूलर लगवाया



**रोहतक।** शिव पार्वती चौंक पर वीरवार को सामाजिक संस्थान महादेव युवा संगठन द्वारा वॉटरकूलर लगवाया गया। महामंडलेश्वर स्वामी राघवेंद्र भारती ने जिसका लोकार्पण किया व सभी युवाओं का ऐसे सामाजिक कार्य करने के लिये प्रेरित किया। साथ ही संगठित रहकर समाज को एकजुट करने की प्रेरणा दी। एमडीयू से प्रोफेसर मनोज कुमार ने सभी युवाओं समाज सेवा में अग्रसर रहने के लिए प्रोत्साहित किया। संगठन के अध्यक्ष अंकित व महेंद्र प्रधान ने बताया कि वे भविष्य में भी ऐसे सामाजिक करते रहेंगे। इस असवर पर राहुल शर्मा, साहिल कौशिक, केशव सैनी, रोहित नेहरा, केशव गर्ग, अमित चहल, मोहित निंदाना, राहुल दलाल, अक्षय वशिष्ट, सोहित हुड्डा आदि मौजूद रहे।

## व्यापारी के बेटे से छीना-झपटी, स्कूटी सवार युवक पैसों से भरा बैग छीनकर हुए फरार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

कस्बा सांपला में व्यापारी के बेटे से स्कूटी सवार युवकों ने छीना-झपटी कर दी। आरोपी 70 हजार रुपये लेकर फरार हो गए। मामले की शिकायत पुलिस को दे दी गई है। सांपला निवासी नीतु ने सांपला थाना पुलिस में दी शिकायत में बताया कि उनकी बाजार में किरयाणा की दुकान है। वे बुधवार रात को दुकान से करीब 70 हजार रुपये लेकर घर के लिए चले थे। वह अपने घर स्कूटी पर जा रही थे। उसके साथ उसका करीब 10 वर्षीय बेटा भी था। जब वे घर के बाहर पहुंचे और दरवाजा खोलने लगी। उनका बैग स्कूटी में आगे रखा हुआ था, जिसमें कैश, मोबाइल फोन व अन्य दस्तावेज थे। बेटा चीकू स्कूटी पर बैठा हुआ था। नीतु ने बताया कि इसी दौरान 2 युवक स्कूटी पर सवार होकर आए। उनमें से एक युवक ने मुंह ढका हुआ था।



**रोहतक।** पीड़ित दुकानदार से मिलते हुए राज्यसभा सांसद दीपेंद्र सिंह हुड्डा।

#### दीपेंद्र हुड्डा पीड़ित व्यापारी से मिले

वारदात की जानकारी मिलने के बाद राज्यसभा सांसद दीपेंद्र सिंह हुड्डा भी पीड़ति दुकानदार से मिले और आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की बात कही। उन्होंने कहा बदमाश व्यापारियों को लगातार निशाना बना रहे हैं। पुलिस को सख्त कार्रवाई करनी होगी। दुकानदारों ने बताया कि पिछले दिनों सीताराम हलवाई की दुकान पर बदमाशों ने हवाई फायर की थी। सांसद के साथ चक्रवर्ति शर्मा, संतकुमार सहित कई नेता मौजूद थे।

## निजीकरण पर लगे रोक, स्थाई भर्ती कर चालक और परिचालकों की संख्या बढ़ाएं

- केंद्रीय कर्मशालाओं एवं गुरुग्राम बाडी सेक्शन बंद कर रोडवेज विभाग बंद करने की साजिश

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

मांगों को लेकर हरियाणा रोडवेज कर्मचारी सांझा मोर्चा के आह्वान पर कर्मचारियों ने रोडवेज डिपो में प्रदर्शन करते हुए महाप्रबंधक के माध्यम से केंद्र एवं हरियाणा सरकार की कर्मचारी विरोधी नीतियों को लेकर ज्ञापन दिया गया। प्रदर्शन व गेट मीटिंग की अध्यक्षता डिपो स्थित सांझा मोर्चा के सभी प्रधानों नरेश सिवाच, जयपाल पानू, आनन्द सिंह, विरेंद्र सिंह, जोगिंद्र बल्हारा आदि ने की तो वहीं संचालन वरिष्ठ सदस्य सतबीर मुंढाल ने किया। जयकुवार दहिया ने कहा कि उन्होंने कहा कि निजीकरण पर रोक लगाई जाए और साथ ही स्थाई भर्ती कर चालक व परिचालक की संख्या बढ़ाई जाए। उन्होंने ये भी कहा कि हरियाणा सरकार कर्मचारी मांगों को लेकर पहले से ही गंभीर नहीं है। कर्मचारी नेता सुमेर सिवाच, विरेंद्र सिहंरोहा, जोगिंद्र बल्हारा, जयकुंवार दहिया, सतबीर मुंढाल व आनन्द खिडवाली ने बताया कि हरियाणा सरकार केंद्र सरकार द्वारा प्रस्तावित नीतियों के तहत रोडवेज विभाग का निजीकरण कर रही है। जिसमे सेंट्रल वर्कशॉप हिसार, करनाल बंद करने की योजना का व एचआरइसी गुरुग्राम बॉडी सैक्शन से नई 500 बसों की बॉडी प्राइवेट कंपनी से बंधवाने व चालक, परिचालकों के 10 रात्रि ठहराने कटौती करने पर गहनता से चर्चा की गई, वहीं सांझा मोर्चा ने सर्वसम्मति से सरकार की कर्मचारी व विभाग विरोधी नीति का विरोध किया।




**रोहतक।** प्रदर्शन करते हुए कर्मचारी।

#### सुविधाओं को छीन रही सरकार

कर्मचारी नेताओं ने कहा कि सरकार चुनाव आदर्श आचार संहिता की आड़ में इन नीतियों को थोप रही हैं। प्रदेश सरकार एक के बाद एक कर्मचारियों को मिलने वाली सुविधाओं को छीन रही हैं और विभाग को सिकोड़ने का काम कर रही हैं। रोडवेज सांझा मोर्चा ने कर्मचारी व विभाग विरोधी इन नीतियों के खिलाफ वीरवार को 2 घंटे प्रदर्शन करके महाप्रबंधक के माध्यम से अतिरिक्त परिवहन सचिव पीएसटी के नाम ज्ञापन दिया। साथ ही मांगों से अवगत करवाया।

### एमडीयू के 11 विद्यार्थियों को मिला प्लेसमेंट

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय की कॅरियर काउंसलिंग एवं प्लेसमेंट सेल के तत्वावधान में आयोजित प्लेसमेंट ड्राइव कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। सीसीपीसी निदेशिक प्रो. दिव्या मल्हान ने बताया कि प्लेसमेंट ड्राइव कार्यक्रमों में सनलाइफ इंडिया सर्विस सेंटर प्रा. लि., एजुकेशन हब तथा एक्सिस बैंक इत्यादि कंपनियों ने विजिट की। प्रो. दिव्या मल्हान ने बताया कि सनलाइफ कंपनी में विद्यार्थी प्रियांशु और स्वेक्षा का, एजुकेशन हब में विद्यार्थी नेहा सैनी तथा रोहित कुमार का तथा एक्सिस बैंक में 11 विद्यार्थियों का प्लेसमेंट हुआ। उन्होंने चयनित विद्यार्थियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20,
फोन : 9253681010, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नही हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10× 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2500/-<br>रु. 3000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
सिटी कार्यालय :- हरिभूमि, कृषि विज्ञान केन्द्र के सामने, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9996959400
मुख्य कार्यालय :- हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9253681019-20

## मीडिया में रोजगार की संभावनाओं से छात्राओं को अवगत करवाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

मीडिया क्षेत्र में करियर की बेहतरीन संभावनाएं हैं। मीडिया तथा मनोरंजन उद्योग में नए अवसर हैं। जरूरत है कि विद्यार्थी भाषायी कौशल, संचार कौशल, तकनीकी कौशल विकसित करें ताकि मीडिया इंडस्ट्री में प्रभावी करियर बना सकें। ये परामर्श महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग के प्राध्यापक तथा विश्वविद्यालय के निदेशक जनसंपर्क सुनित मुखर्जी ने महारानी किशोरी जाट कन्या महाविद्यालय में आयोजित विशेष व्याख्यान कार्यक्रम में छात्राओं को दिया। सुनित मुखर्जी ने कहा कि कंटेंट क्रिएशन, रिपोर्टिंग, डिजीटल मीडिया, प्रिंट जर्नलिज्म, विजुअल डिजाइन, पब्लिक रिलेशन्स, कारपोरेट कम्युनिकेशन, विज्ञापन समेत मीडिया के विविध रोजगार तथा मीडिया उद्यमिता में करियर की संभावनाएं हैं। उन्होंने प्रतिष्ठित मीडिया शिक्षण संस्थानों की जानकारी दी।



**रोहतक।** व्याख्यान कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग के प्राध्यापक तथा विश्वविद्यालय के निदेशक जनसंपर्क सुनित मुखर्जी।

### शोधकर्ताओं ने शोध पत्र प्रस्तुत किए

**रोहतक।** वैश्य कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग के डिपार्टमेंट आफ मैनेजमेंट स्टडीज विभाग ने मल्टीडिसीप्लिनरी रिसर्च एंड इनोवेशन विषय पर नेशनल कांफ्रेंस का आयोजन किया। संस्था के प्रधान नवीन जैन ने कहा कि कॉलेज निरंतर समाज को नया ज्ञान देने के लिए प्रतिबद्ध है । नेशनल कांफ्रेंस में देश के विभिन्न राज्यों से शोधकर्ताओं ने अपने शोध पत्र प्रस्तुत किये। राजेश नवल ने व सन्नी गोयल ने कहा कि कॉलेज पढ़ाई के अलावा खेलकूद, सांस्कृतिक कार्यक्रम और शोध पर भी पूरा ध्यान देता है। प्राचार्य व कॉन्फ्रेंस संरक्षक डॉ. दीपक गोयल ने बताया कि कॉलेज हमेशा शोधपरक विषयों पर चर्चा करता है ताकि समाज को नया ज्ञान मिल सके। मुख्य वक्ता डॉ. सीमा सिंह (एसोसिएट प्रोफेसर, इमसार, महर्षि दयानंद यूनिवर्सिटी ने इनोवेशन का अर्थ समझाया।

## वुशु नेशनल चैंपियनशिप में आर्य स्कूल मदीना के जतिन ने जीता सिल्वर मैडल

हरिभूमि न्यूज ⏭ महम

आर्य सीनियर सेकेंडरी स्कूल मदीना के सातवीं कक्षा के छात्र जतिन ने जम्मू में 26 से 31 मार्च तक हुई वूशु नेशनल चैंपियनशिप में सिल्वर मेडल जीतकर अपना और अपने विद्यालय का नाम रोशन किया है। विद्यालय पहुंचने पर जतिन और उसके पिता राजकुमार का फूल माला पहनाकर स्वागत किया गया। जतिन के पिता ने बताया कि जतिन चार बार नेशनल गेम खेल चुका है, जिनमें से उसने दो बार गोल्ड मेडल और एक बार सिल्वर मेडल जीता है। उन्होंने जतिन की इस उपलब्धि पर विद्यालय और शिक्षकों को आभार जताया। प्राचार्य अशोक दांगी ने विजेता खिलाड़ी जतिन और पिता राजकुमार को सिल्वर मेडल जीतने पर हार्दिक बधाई दी और जतिन को इसी तरह मेहनत करने के लिए प्रेरित किया। इस मौके पर विद्यालय का समस्त स्टाफ व विद्यार्थी मौजूद थे।



**महम।** विजेता खिलाड़ी जतिन व उसके पिता राजकुमार का स्वागत करते प्रिंसिपल अशोक दांगी।

### गेहूं की खरीद की प्रक्रिया शुरू हुए अब चार दिन हो चुके

# सरसों आवक में तेजी, अब तक 4619.42 मीट्रिक टन की खरीदी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

उपायुक्त अजय कुमार ने बताया कि जिला में रबी खरीद सीजन के दृष्टिगत सभी मंडियों व खरीद केंद्रों में सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध करवाई गई हैं। अभी तक 4619.42 मीट्रिक टन सरसों की खरीद की गई है। इसमें से हैफेड द्वारा जिला की कलानौर, महम, रोहतक व सांपला मंडियों में 4619.42 मीट्रिक टन खरीदी। कुल खरीद में से कलानौर मंडी में 509.15 मीट्रिक टन, महम मंडी में 1955 मीट्रिक टन, रोहतक मंडी में 152.60 मीट्रिक टन तथा सांपला मंडी में 2002.67 मीट्रिक टन सरसों की खरीद की गई है। उन्होंने किसानों का आह्वान किया है कि वे अपनी फसल को सुखाकर एवं साफ करके ही मंडियों में बिक्री के लिए लाये ताकि फसल बिक्री में कोई असुविधा न हो।



**रोहतक।** सरसों की सफाई करते हुए ।

#### मंडियों को गेहूं का इंतजार

गेहूं की खरीद की प्रक्रिया शुरू हुए अब चार दिन हो चुके हैं। लेकिन मंडियों में जिंस आवक प्रारंभ नहीं हुई है। गत 2 अप्रैल को रोहतक की मंडी में 38 क्विंटल गेहूं पहुंचा था। जिसकी खरीद की जा चुकी है। गेहूं की आवक में तेजी आने में कम से कम एक सप्ताह का समय अभी और लगेगा। ये भी तभी संभव है, जब मौसम पूरी तरह से साफ रहेगा। बीते बुधवार की शाम भी जिले में बूंदाबांदी हुई थी। जिससे किसानों की हवाईयां उड़ गई थी। क्योंकि इस समय अगर बरसात होती है तो किसान तबाह हो जाएगा। एक महीने भी जिले के 25-30 गांवों में बेमौसम बरसात और ओलावृष्टि ने गेहूं और सरसों में काफी नुकसान पहुंचा दिया। कई गांव तो ऐसे भी जहां 70-80 प्रतिशत फसलें खत्म हो गई थी।

गेहूं की खरीद काहनौर में परचेज सेंटर, कलानौर में मंडी, मदीना में परचेज, महम में मंडी, लाखनमाजरा, सांघी, किलोई, हसनगढ़ में परचेज सेंटर से तथा सांपला में मंडी मार्केट बोर्ड ने साफ-सफाई करवा दी है। यानि के अब प्रशासन गेहूं खरीद को लेकर पूरी तरह से तैयार है। अब सिर्फ फसल के मंडी पहुंचने का इंतजार है। अन्य सालों की तरह ही गेहूं खरीद के 72 घंटे बाद किसानों को उनका पैसों खातों में जमा करवा दिया जाएगा।

प्रशासन का किसानों से अनुरोध है कि वे फसल को पूरी तरह से सूखाकर ही बिक्री के लिए मंडी लाएं। ध्यान रहे कि सरकार ने मानक तय किए हुए हैं कि फसल में कितने प्रतिशत नमी होने पर उसकी खरीद की जा सकती है। जिले से इस बार 2 लाख 10 हजार मीट्रिक टन गेहूं खरीद का लक्ष्य सरकार ने निर्धारित किया है।